**Regarding road connectivity**

श्री मोहिब्बुल्लाह **(रामपुर) :** सभापति महोदया, मैं आपका तवज्जो रामपुर जिले की तरफ दिलाना चाहता हूं कि रामपुर पहली रियासत है, जिसने सबसे पहले गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में शामिल होने के लिए साइन किया था, लेकिन वहां पर विकास का कोई काम नहीं हुआ है । अगर आगरा वाले एक्सप्रेसवे को उत्तराखंड के लिए जोड़ दिया जाए तो उससे ज्यादा नियरेस्ट और कोई रास्ता नहीं है । अगर वह रामपुर से होकर निकलेगा तो शहर का विकास भी होगा । वहां आजादी के बाद से कुछ नहीं हुआ है । यह बहुत अच्छी चीज होगी । बहुत-बहुत शुक्रिया ।